

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शनिवार 20 जून 2026 बर्ष 02 अंक 160 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

अपने आप की तुलना किसी से मत करो, यदि आप ऐसा कर रहे है तो आप स्वयं अपनी बेइज़्ज़ती कर रहे है। – बिल गेट्स

## 286 करोड़ की 157 विकास योजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास
## पटना में बनेगी 66 हजार एकड़ की सैटेलाइट टाउनशिप

**केशववाणी पटना (बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग की 286 करोड़ रुपये की लागत वाली 157 महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने पटना के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक शहरी विकास कार्यों को और गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की स्मृति में 'वेस्ट टू वंडर' थीम पर आधारित लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पार्क में जयप्रकाश नारायण के जीवन, विचारों और संघर्षों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पटना को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) कार्यों में तेजी लाई जाएगी। साथ ही नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत घर–घर सीवरेज नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में




आधुनिक सुविधाओं से युक्त सब्जी हाट योजना भी लागू की जाएगी, जिससे आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने पटना के दीर्घकालिक विकास को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 66 हजार एकड़ क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'पाटलिपुत्र' सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से राजधानी क्षेत्र में आवास, रोजगार, निवेश और आधारभूत संरचना के नए अवसर सृजित होंगे तथा पटना को आधुनिक महानगर के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता देते हुए बिहार के शहरों को नई पहचान देने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## नालंदा के डीएम कुंदन कुमार ने सौंपा प्रभार
## राजीव रंजन कुमार सिन्हा बने प्रभारी जिलाधिकारी




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** नालंदा के जिला पदा. धिकारी कुंदन कुमार के जिला पदाधिकारी, पटना के पद पर स्थानांतरण के उपरांत शुक्रवार को प्रशासनिक परंपरा एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत नालंदा जिले का प्रभार प्रभारी जिला पदाधिकारी–सह–अपर समा. हर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा को विधिवत रूप से सौंप दिया गया। प्रभार ग्रहण करने के बाद राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित सभी विक. ासात्मक एवं जनहितकारी योजनाओं को निरंतर गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा तथा जिले के समग्र विकास के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा। प्रभार हस्तांतरण कार्यक्रम के बाद हरदेव भवन सभागार में निवर्तमान जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के सम्मान में विदाई–सह–सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और जनहित के प्रति समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि कुंदन कुमार के कार्यकाल में जिले में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। साथ ही विधि–व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गईं। उनके नेतृत्व में प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थ. ापित हुआ तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। अपने संबोधन में कुंदन कुमार ने नालंदा में कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग, स्नेह और विश्वास के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिलेवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नालंदा में बिताया गया समय उनके प्रशासनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय अध्याय रहेगा। उन्होंने जिले के विकास में सभी के सामूहिक योगदान की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल प्रशासनिक कार्यकाल की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, प्रभारी उप विकास आयुक्त–सह–अपर समा. हर्ता (आपदा प्रबंधन), अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), जिला नजारत शाखा उपसमाहर्ता, जिला स्थापना शाखा उपसमाहर्ता सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्याय के साथ विकास और सुशासन के नीतीश मॉडल को आगे बढ़ा रही है बिहार सरकार : श्रवण कुमार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास और सुशासन के नीतीश मॉडल को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। जो बिहार कभी बदहाली, पलायन और पिछड़ेपन की पहचान माना जाता था, आज वही राज्य विकास, सुशासन और नई संभावनाओं की मिसाल बनकर उभरा है। मंत्री श्रवण कुमार शनिवार को बिहारशरीफ प्रखंड के मेघी नगवां पंचायत अंतर्गत नगवां गांव में नव. निर्मित यात्री शेड तथा दीपनगर एनएच स्थित गौरैया स्थान से रामानंद सिपाही के घर तक ईंट सोलिंग, नाली निर्माण एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 21 वर्षों में बिहार ने प्रगति, आत्मविश्वास और सम्मान की नई ऊंचाइयों को छुआ है। मुख्यमंत्री ने बिहार के मान, सम्मान और स्वाभिमान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। आज उनके मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है। श्रवण कुमार ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए उन्हें हुनरमंद और कुशल बनाने पर विशेष बल दे रही है।



इसका परिणाम है कि बिहार आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिली है तथा रा. ेजगार और निवेश के नए अवसर सृजित हुए हैं। बेहतर सड़कें, हर घर तक बिजली, आधारभूत संरचनाओं का विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने बिहार की तस्वीर बदल दी है। मंत्री ने कहा कि बिहार में हुए अकल्पनीय परिवर्तन की सबसे बड़ी गवाह यहां की जनता है, जिसने अपनी आंखों से न्याय के साथ विकास और सुशासन के मॉडल को साकार होते देखा है। आज बिहार में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा पूरे देश में हो रही है और राज्य नए विश्वास, नए अवसरों तथा नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देव जीतन चौहान, संजय प्रसाद कुशवाहा, शंभू कुशवाहा, मुन्ना पासवान, रामवृक्ष प्रसाद, रविंद्र कुशवाहा, संजय राम, रंजीत सिंह, दिनेश साव, इंदु चौहान, कलेश्वर प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद कुशवाहा, सागर कुमार, गुलशन कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, अमित यादव, आकाश कुमार, काजल, प्रदीप मुखिया, उपेंद्र दिलवाला, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पटना के नए जिलाधिकारी बने कुंदन कुमार, त्यागराजन ने सौंपा पदभार




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट पटना (बिहार)।** बिहार सरकार द्वारा जारी प्रशासनिक फेरबदल के बाद आईएएस अधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार को पटना के नए जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान जिलाधिकारी आईएएस त्यागराजन से कार्यभार संभाला।पदभार ग्रहण करने के बाद कुंदन कुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।वहीं, पूर्व जिलाधिकारी त्यागराजन को नई जिम्मेदारी देते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पदभार हस्तांतरण के दौरान दा. ेनों अधिकारियों ने एक–दूसरे को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि कुंदन कुमार इससे पहले भी विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उन्हें एक कुशल एवं अनुभवी अधिकारी माना जाता है। उनके पटना डीएम बनने से जिले के प्रशासनिक कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।




# बिहार–नेपाल सीमा पर सरकार का बड़ा अभियान, 1349 अतिक्रमण हटाए गए, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी



**केशववाणी पटना (बिहार)।** बिहार सरकार ने भारत–नेपाल सीमा की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सीमा क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, गायब सीमा पिलरों की बहाली, संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों की जांच तथा साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले म्यूल खातों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि नो–मेन्स लैंड और सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रविरोधी गतिविधियों, संदिग्ध निवेश और अवैध वित्तीय लेन–देन पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। नेपाल से लगी बिहार की 735 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत नो–मेन्स लैंड में चिन्हित 1359 अतिक्रमणों में से 1349 को हटाया जा चुका है। केवल 10 मामले शेष हैं, जिन्हें जल्द हटाने का निर्देश दिया गया है। पश्चिम चंपारण, मधुबनी और अररिया जिलों में सभी चिन्हित अतिक्रमण पूरी तरह हटाए जा चुके हैं। सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में सरकारी भूमि पर किए गए 996 अतिक्रमणों में से 879 को हटाया जा चुका है, जबकि 117 मामलों में कार्रवाई जारी है। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को नए अतिक्रमणों को रोकने के लिए सतर्क रहने को कहा। समीक्षा बैठक में बताया गया कि बिहार–नेपाल सीमा पर कुल 5343 सीमा पिलर हैं। इनमें 3771 पिलर सही स्थिति में हैं, 317 क्षतिग्रस्त हैं, 1155 पिलर गायब हैं तथा 100 पिलरों का निर्माण अभी होना बाकी है। मुख्य सचिव ने संबंधित एजेंसियों को गायब और क्षतिग्रस्त पिलरों की बहाली की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया ।सीमावर्ती जिलों में एसएसबी और जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में कई संदिग्ध संस्थानों की पहचान की गई है। सीतामढ़ी में 28, किशनगंज में 21, पश्चिम चंपारण में 9, मधुबनी और सुपौल में 6–6 तथा अररिया और पूर्वी चंपारण में 5–5 संस्थान जांच के दायरे में आए हैं। इन मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अररिया जिले में कुछ संस्थाओं और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में संदिग्ध विदेशी निवेश तथा वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिलने के बाद मामले की विस्तृत जांच आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा को सौंपने का निर्णय लिया गया है। सीमावर्ती जिलों में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी कार्रवाई की गई है। जांच में पता चला कि ऑनलाइन ट्रेडिंग, निवेश और नौकरी का झांसा देकर लोगों से ठगी की जा रही थी तथा इसके लिए म्यूल खातों का इस्तेमाल किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान बेतिया में 78 बैंक खाते फ्रीज किए गए और पांच प्राथमिकी दर्ज की गई। बगहा में 18 म्यूल खातों की जांच के दौरान चार मामले दर्ज कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अन्य सीमावर्ती जिलों में 33 मामले दर्ज कर 148 खातों को फ्रीज किया गया है।मुख्य सचिव ने सीमावर्ती जिलों में कार्यरत सभी बैंक कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैंकों को संदिग्ध वित्तीय लेन–देन से संबंधित रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने को कहा गया। राज्य की 1292 बैंक शाखाओं में नकली नोट पहचानने वाली मशीनें लगाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 1259 शाखाओं में मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मौजूद 29 एसएसबी चौकियों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। एसएसबी और वन विभाग के अधिकारियों को हर महीने दो संयुक्त बैठकें करने तथा नियमित गश्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक के अंत में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने तथा राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को समय रहते विफल करने का निर्देश दिया।

# आम की पेटियों में छिपाकर लाई जा रही थी शराब नालंदा में 180 लीटर बीयर के साथ चार गिरफ्तार



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मद्यनिषेध विभाग, नालंदा ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार.'वाई करते हुए आम से लदे एक ट्रक से भारी मात्रा में बीयर बरामद की है। इस दौरान ट्रक चालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपितों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मद्यनिषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से एक आयशर ट्रक (बीआर01 जीएन–8726) पर आम लोड करने की आड़ में अवैध शराब लादकर सरमेरा के रास्ते इस्लामपुर लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए सदर टीम के एएसआई मनोज कुमार तथा मद्यनिषेध थाना हिलसा के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार एवं एएसआई निरंजन कुमार के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी टीम गठित की गई ।टीम ने सरमेरा थाना क्षेत्र के पेंदी गांव के समीप मुख्य सड़क पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में लदी आम की पेटियों के बीच छिपाकर रखी गई 15 पेटी हेवड्र्स 5000 कैन बीयर बरामद की गई। बरामद बीयर की कुल मात्रा लगभग 180 लीटर बताई गई है। ट्रक से करीब 460 पेटी आम भी बरामद हुए, जिनकी आड़ में शराब की खेप को बिहार लाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने चालक शुभम कुमार उर्फ शिवम कुमार (दीपनगर), परिच.ालक मंजीत कुमार (बेन), परिचालक सुजीत कुमार (दीपनगर) तथा वाहन मालिक पप्पू कुमार (सोहसराय) को गिरफ्तार किया है। मद्यनिषेध विभाग ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस धंधे में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# छपरा–दिल्ली एक्सप्रेस को मिली हरी झंडी, सारण में दो टाउनशिप और दो एयरपोर्ट विकसित करने की घोषणा



**केशववाणी पटना (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को छपरा जंक्शन पर छपरा–दिल्ली एक्सप्रेस को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मऊ–दिल्ली एक्सप्रेस सेवा का भी शुभारंभ किया गया तथा दोहरीघाट–औड़िहार ट्रेन सेवा का विस्तार वाराणसी तक करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि रेल, उद्योग और आधुनिक आधारभूत संरचना बिहार के विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार में परिवहन, औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। इस अवसर पर मढ़ौरा लोकोमोटिव प्लांट से गिनी गणराज्य को निर्यात किए जाने वाले 51वें रेल इंजन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री ने इसे बिहार की बढ़ती औद्योगिक क्षमता, तकनीकी दक्षता और वैश्विक पहचान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि बिहार अब केवल कृषि प्रधान राज्य नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है।मुख्यमंत्री ने सारण जिले के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि जिले में दो आधुनिक टाउनशिप और दो एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इससे क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, रा.`जगार के नए अवसर सृजित होंगे और आध.ारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। बिहार में भी रेलवे परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# राजगीर मॉब लिंचिंग मामला: मंत्री लखेंद्र पासवान ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, दोषियों पर स्पीडी ट्रायल की मांग



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के राजगीर में मलमास मेले के दौरान दो युवकों की पीट–पीटकर हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। परिजनों से मुलाकात के बाद मंत्री लखेंद्र पासवान ने घटना को गंभीर बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने नालंदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से फोन पर बात कर मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही राजगीर थानाध्यक्ष की भूमिका एवं गतिविधियों की भी जांच कराने को कहा। मंत्री ने कहा कि इस जघन्य घटना में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। उन्होंने घटना से जुड़े मंदिर में रह रहे साधु के आचरण की भी जांच कराने की मांग की। मंत्री ने कहा कि साधु–संत समाज की गरिमा बनाए रखना आवश्यक है। यदि कोई असामाजिक तत्व साधु का वेश धारण कर मंदिरों में रहकर अपराध को अंजाम देता है, तो उसकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।लखेंद्र पासवान ने कहा कि कुछ अप. राधी साधु के वेश में रहकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं और सरकार व धार्मिक संस्थाओं की छवि धूमिल करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।मंत्री के दौरे के दौरान स्थानीय लोगों और परिजनों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी सजा की मांग की। वहीं प्रशासन ने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# 27 केंद्रों पर चला आरआई का टीका, सैकड़ों गर्भवती महिलाएं एवं बच्चें को लगया गया आरआई का सूई



**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर नियमित टीकाकरण (आरआई) सत्र आयोजित किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के प्रभारी पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि प्रतिनियुक्त एएनएम और अन्य कर्मियों ने सैकड़ों बच्चों और गर्भवती महिलाओं का बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया। टीकाकरण सत्र से पहले, स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को टीकों के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्हें विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में टीकों की प्रभावशीलता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कर्मियों ने विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम के टीकाकरण के लिए पहुंचने पर आशा और आंगनबाड़ी केंद्र के कर्मियों ने उनका सहयोग किया। शिविरों में गर्भवती महिलाओं और पात्र बच्चों को लाकर टीकाकरण किया गया। सभी से अपील की गई कि आरआई टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, क्योंकि यह गर्भवती माताओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पीएचसी प्रभारी डॉ. सिन्हा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के चिह्नित 27 केंद्रों पर महीने के तीसरे शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं के साथ शून्य से सात वर्ष तक के बच्चों को आरआई का टीका लगाया जाता है।




# खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने वाले अतिथियों को क्रीड़ा भारती ने किया सम्मानित



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** क्रीड़ा भारती दक्षिण प्रांत, बिहार के विभाग संयोजक करजानंद शर्मा एवं क्रीड़ा भारती नालंदा के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता एवं साइकिलिंग रेस में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने वाले विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर बिहारशरीफ के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं कुशवाहा छात्रावास के अध्यक्ष डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, जनजीवक संघ के प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सक्रिय सदस्य डॉ. विपिन कुमार सिन्हा तथा बिहारशरीफ मंडल कारा के अधीक्षक अभिषेक कुमार पांडे को मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए करजानंद शर्मा ने कहा कि सभी अतिथियों ने अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग आवश्यक है और क्रीड़ा भारती इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।जनजीवक संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों के बीच पहुंचने और उन्हें प्रोत्साहित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी खेल एवं सामाजिक गतिविधियों में उनका सहयोग जारी रहेगा। वहीं डॉ. चंदेश्वर प्रसाद ने क्रीड़ा भारती के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा गया। उपस्थित लोगों ने क्रीड़ा भारती की इस पहल की सराहना करते हुए खेल गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

# यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का व्यक्तित्व
## राष्ट्रनिर्माण की महान परंपराओं का जीवंत प्रतिरूप है– ब्रजराज चौहान



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जनता दल (यूनाइटेड) अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश महासचिव ब्रजराज चौहान ने बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री, जनप्रिय नेता एवं सुशासन के पर्याय श्री नीतीश कुमार जी से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ अर्पित कीं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री जी उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं अटूट ऊर्जा के साथ निरंतर बिहार और देश की सेवा करते रहें। मुलाकात के उपरांत ब्रजराज चौहान ने कहा कि श्री नीतीश कुमार जी का राजनीतिक चिंतन, कार्यशैली और जनसेवा का दृष्टिकोण भारतीय लोकतंत्र की उन गौरवशाली परंपराओं का विस्तार है, जिन्हें महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, लोकनायक जयप्रकाश नारायण तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर जैसे महान विभूतियों ने अपने त्याग, संघर्ष और विचारों से समृद्ध किया। उनके व्यक्तित्व में सामाजिक न्याय की संवेदना, विकास की दूरदृष्टि, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के प्रति उत्तरदायित्व का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन और जनकल्याण का सशक्त उपकरण बनाया है। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पंचायती राज व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तन उनके दूरदर्शी नेतृत्व की स्पष्ट पहचान हैं।ब्रजराज चौहान ने कहा कि विशेष रूप से अतिपिछड़े, वंचित, दलित, गरीब और समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए श्री नीतीश कुमार जी द्वारा उठाए गए कदम सामाजिक न्याय की अवधारणा को सशक्त आधार प्रदान करते हैं। महिलाओं को स्थानीय निकायों में व्यापक प्रतिनिधित्व देना, छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देना तथा समाज के सभी वर्गों को विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनाना उनकी समावेशी सोच का प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में जब राजनीति अनेक चुनौतियों और वैचारिक अस्थिरताओं से गुजर रही है, तब श्री नीतीश कुमार जी का संतुलित, संयमित और जनोन्मुखी नेतृत्व लोकतांत्रिक मूल्यों को नई मजबूती प्रदान करता है। उनकी सादगी, शालीनता, प्रशासनिक दक्षता और जनहित के प्रति अटूट समर्पण उन्हें समकालीन राजनीति के विशिष्ट नेताओं की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करता है। ब्रजराज चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार के सर्वांगीण विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की यात्रा में श्री नीतीश कुमार जी का योगदान इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में सदैव अंकित रहेगा। उनका जीवन और कार्य यह संदेश देता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, स्वच्छ नीयत और जनसेवा के प्रति समर्पण से किसी भी राज्य की तकदीर बदली जा सकती है। अंततः उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी सदैव स्वस्थ, दीर्घायु एवं ऊर्जावान रहें तथा अपने अनुभव, नेतृत्व और मार्गदर्शन से बिहार को विकास, समृद्धि, सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों के नए शिखरों तक पहुँचाते रहें।

# नालंदा में 21 जून को होगी एनईईटी (यूजी) 2026 परीक्षा, 3804 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी (यूजी)) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित हरदेव भवन सभागार में प्रभारी जिला पदाधिकारी–सह–अपर समा. हर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभी प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारियों, स्कॉट पार्टी, पुलिस पदाधिकारियों एवं परीक्षा केंद्राधीक्षकों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला पदाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदास. ीनता बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कुल 3,804 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का टोल–फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। परीक्षा के दौरान नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी पूरे समय उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।परीक्षा के दौरान 7 स्टैटिक दंडाधिक. ारी, 7 स्कॉर्ट पार्टी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को परीक्षा शुरू होने से कम–से–कम तीन घंटे पहले अपने–अपने केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा एवं विधि–व्यवस्था की तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को रोकने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ एवं राजगीर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिहारशरीफ–1, बिहारशरीफ–2 एवं राजगीर तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) परीक्षा के दिन लगातार भ्रमणशील रहकर यातायात, वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे।परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस अवधि में अनधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही, भीड़–भाड़ और अन्य अवांछित गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रैतर गांव में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट गिरियक (नालंदा)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के प्रावधान में सिस्टर निवेदिता मेमोरियल ट्रस्ट, पटना द्वारा नालंदा जिले के रैतर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। शिविर में डॉ पीयूष कुमार गौतम एमओ, अजय कुमार केटीएस, धर्मेंद्र कुमार यक्षमा सहायक ,ओमप्रकाश सीएचओ, सतीश कुमार ओआर डब्लू, विक्रम कुमार ओ. आरडब्लू , अन्नपूर्णा देवी ओआरडब्लू एवं मीनात कुमारी ओ आर डब्लू, मिठू कुमारी एनएम सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों की जांच की। इस दौरान हेपेटाइटिस बी एवं सी, एचआईवी, टीबी, सिफिलिस, ब्लड प्रेशर और शुगर की निरूशुल्क जांच की गई।रैतर गांव के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए समय–समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। शिविर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने और निरूशुल्क जांच सुविधाओं का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से बीमारियों की पहचान कर उनका उपचार संभव है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।

# 20 जून को पुलिस दमन के खिलाफ निकाला जाएगा प्रतिवाद मार्च : भाकपा–माले



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट नगरनौसा (नालंदा)।** भाकपा–माले ने आरोप लगाया है कि नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय से डिग्री कॉलेज को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के विरोध में चल रहे छात्र आंदोलन पर स्थानीय विधायक एवं सत्ताधारी नेताओं के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने बर्बर कार्रवाई की है। पार्टी ने घोषणा की है कि 20 जून को नगरनौसा में पुलिस दमन के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा। भाकपा–माले की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 18 जून को डिग्री कॉलेज को नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय में ही संचालित करने की मांग को लेकर छात्रों और युवाओं का पूर्व घोषित आंदोलन था। आरोप है कि पुलिस प्रशासन ने सुनियोजित तरीके से छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों पर बल प्रयोग किया तथा तीन छात्राओं समेत 42 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पार्टी का आरोप है कि पुलिस ने आंदोलन स्थल के अलावा विभिन्न मोहल्लों में जाकर उन लोगों को भी हिरासत में लिया, जो अपने घरों में मौजूद थे। साथ ही महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, घरों में घुसकर मारपीट, सामानों की क्षति तथा मोबाइल और आभूषण छीनने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। घटना की जांच के लिए भाकपा–माले की सात सदस्यीय जिला स्तरीय जांच टीम नगरनौसा पहुंची। टीम का नेतृत्व नगरनौसा प्रभारी कामरेड रामदास अकेला ने किया। जांच टीम में किसान महासभा के जिला सचिव मुन्नीलाल यादव, किसान नेता बखोरी प्रसाद, भाकपा–माले के जिला स्थायी समिति सदस्य बिरेश कुमार, इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद, सह सचिव क्रांति प्रकाश तथा स्थानीय नेता विनोद कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे। जांच टीम ने दावा किया कि स्थानीय लोगों ने उन्हें पुलिस कार्रवाई के दौरान महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के साथ मारपीट किए जाने की जानकारी दी। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि घायल लोगों को सरकारी अस्पताल में इलाज कराने से भी रोका जा रहा है।भाकपा–माले नेताओं ने पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि छात्रों की लोकतांत्रिक मांगों को बल प्रयोग से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने गांवों में प्रवेश कर लोगों के साथ मारपीट की, घरों के दरवाजे तोड़े और कई मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त किया। पार्टी ने राज्य सरकार और राज्यपाल से मांग की है कि गिरफ्तार सभी छात्रों को बिना शर्त रिहा किया जाए और उन पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। साथ ही जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा छात्रों के साथ हुए समझौते के अनुरूप डिग्री कॉलेज को नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय में ही संचालित किया जाए। भाकपा–माले ने नगरनौसा में हुए लाठीचार्ज, कथित पुलिसिया दमन और लूटपाट की उच्चस. तरीय जांच कराने तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की है।

# नशा मुक्त भारत बनाने का लोगों ने लिया संकल्प



**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बुनियाद केन्द्र सह समेकित सेवा प्रदाता केन्द्र राजगीर में गुरुवार को लाभार्थियों एवं कर्मियों ने नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग नालंदा की प्रभारी सहायक निदेशक सह उपसमाहर्ता सुश्री प्राची कुमारी के निर्देश पर जिले के सभी बुनियाद केन्द्रों में यह अभियान चलाया जा रहा है। राजगीर के प्रबंधक अमानुल्लाह अतहर ने लाभार्थियों को महानिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों एवं सावधानियों की जानकारी दी। कहा कि स्कूल, कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थ. ानों के साथ–साथ मोहल्लों और गलियों तक में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। खासकर युवा वर्ग और किशोर इसके दुष्प्रभावों की चपेट में आ रहे हैं। नशीले पदार्थों का सेवन शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण शारीरिक दुर्बलता, मानसिक भटकाव, अवसाद, मनोदशा में बदलाव, एकाग्रता में कमी, घबराहट, व्यवहार में परिवर्तन, आक्राम. कता तथा जीवन के प्रति उदासीनता जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक जनचर्चा, जागरूकता अभियान तथा नशा तस्करों का सामाजिक एवं आर्थिक बहिष्कार समय की आवश्यकता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से ही नशा मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। शपथ ग्रहण के बाद अमानुल्लाह अतहर ने कहा कि नशा विकास, स्वतंत्रता अथवा आधुनिकता का प्रतीक नहीं है और न ही यह उत्सव मनाने का माध्यम है। छात्र–युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर सरकार द्वारा संचा. लित नशा मुक्ति केन्द्रों में उपचार कराने के लिए आगे आना चाहिए। नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान है और इसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।

# नशा मुक्त भारत बनाने का लोगों ने लिया संकल्प

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नूरसराय थाना क्षेत्र के बलवापर गांव में हथियार लहराकर दहशत फैलाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार 18 जून की रात एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक युवक ग्रामीणों के बीच हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। महाल चौकीदार एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान बलवापर गांव निवासी संजीत उर्फ रणजीत यादव, पिता चंदन यादव के रूप में की गई। पुलिस टीम जब आरोपी के घर पहुंची तो वह छत से कूदकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने घर की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान दक्षिणी कमरे के छज्जे पर पुराने सामानों के बीच छिपाकर रखा गया एक लोडेड देशी पिस्टल बरामद किया गया। हथियार को अनलोड करने पर उसमें से दो जिंदा 7.65 केएफ कारतूस भी मिले। इस संबंध में नूरसराय थाना कांड संख्या 347/26 दर्ज करते हुए आर्म्स एक्ट की धारा 25(1–बी)(ए) एवं 26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार पुरी, सुमन सौरभ, सभ्या कुमारी, पि. रचारी पुलिस अवर निरीक्षक सत्य प्रकाश पाल तथा नूरसराय थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।







